# पहले जनता दर्शन में मौका, अब प्रमोशन का 'तोहफा'

हनुमान गुप्ता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** मंत्रिमंडल की सोशल इंजीनियरिंग कुछ भी रही हो लेकिन राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल का सादगी भरा व्यक्तित्व और मिलनसार स्वभाव उनके 'प्रमोशन' की बड़ी वजह रही। पिता स्व मथुरा प्रसाद पाल की विरासत को अजीत पाल ने बड़े करीने के साथ सजाया और संवारा। न केवल क्षेत्र में गहरी पैठ बनाई बल्कि सीएम योगी आदित्य नाथ का दिल भी जीता। सीएम ने अपने जनता दर्शन कार्यक्रम में पाल को सप्ताह में दो दिन बैठने लिए अधिकृत कर साफ संदेश दिया कि वह उनके लिए खास अहमियत रखते हैं। अब स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनाकर सीएम ने अजीत के साथ संबंधों में मिठास का जायका और बढ़ा दिया है।

कानपुर देहात जिले के धाकड़ नेताओं में शुमार पूर्व विधायक और पूर्व राज्यमंत्री मथुरा प्रसाद पाल के निधन के बाद 2017 में सिकंदरा विस का उपचुनाव हुआ। इसमें भाजपा ने उनके बेटे अजीत सिंह पाल को टिकट दिया। वह निर्वाचित हुए। 2022 में भी पार्टी ने भरोसा जताते प्रत्याशी बनाया। वह जीते। मंत्रिमंडल में उन्हें शामिल किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना-प्रोद्योगिकी विभाग के वह राज्यमंत्री रहे। रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में उनका दर्जा बढ़ा कर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार किया गया।

अजीत सिंह पाल शुरूआत से 'पढ़ाकू' रहे। केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद एमटेक किया। काफी पढ़ाई उन्होंने यूक्रेन में भी की। माना जा रहा कि इंजीनियरिंग एकेडमिक प्रोफाइल के कारण सरकार ने उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना-प्रोद्योगिकी का विभाग सौंपा। विभागीय और सांगठनिक कार्यों की काफी व्यस्तता रहती है फिर भी अजीत पाल ने 'जड़ों' से दूरी नहीं बनाई। मौका मिलते ही पैत्रक गांव ताहरपुर मैदू आते हैं। पुराने घर में रूकते और ग्रामीणों से ठेठ गंवई अंदाज में रूबरू होते हैं। दूसरी तरफ, विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और आम जनों से मिलने को सिकंदरा के मानपुर में अस्थाई आवास बनाया है। यहां वह अक्सर बैठते हैं।

- राज्यमंत्री से स्वतंत्र प्रभार मंत्री बने अजीत सिंह पाल


राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अजीत सिंह पाल।

### बिरादरी में खींची बड़ी लकीर

- अजीत सिंह पाल का कद बढ़ने के बाद दूसरे दलों, खासकर समाजवादी पार्टी के पाल नेताओं की गणित गड़बड़ाने की आशंका जताई जा रही। एक समय था जब उनके पिता स्व. मथुरा प्रसाद पाल बिरादरी के बड़े नेता माने जाते थे। कई जिलों तक उनका असर था। उनके नहीं रहने के बाद पूर्व सांसद राजाराम पाल ने बिरादरी की कमान संभाली। वह इस समय समाजवादी पार्टी में हैं। अकबरपुर के अलावा सिकंदरा विधान सभा क्षेत्र से उनका टिकट का दावा है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का मानना है कि अजीत पाल के प्रमोशन के बाद न केवल पाल बल्कि पूरे ओबीसी का विश्वास भाजपा में बढ़ा है।

### 'न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर'

- जिला भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं में वर्चस्व की लड़ाई चरम पर है। एक-दूसरे को फूटी आंख भी देखना नहीं चाहते। कार्यकर्ता और सांगठनिक पदाधिकारी भी गुटबाजी से अछूते नहीं हैं। बावजूद इसके, अजीत सिंह पाल इससे कोसों दूर हैं। वह सभी के हैं। सम्मान के साथ जिसने बुलाया, चले गए। नहीं बुलाया तो शिकायत नहीं की। उनकी इसी सकारात्मक सोच ने संगठन और सरकार, दोनों में उनका रूतबा बुलंद कर रखा है।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** एक गांव निवासी व्यक्ति ने गत सात मई को नाबालिग पुत्री के कहीं घर से गायब हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि गत 7 मई को शाम लगभग 6 :30 बजे उसकी नाबालिग 16 वर्षीय पुत्री घर से कहीं गायब हो गई है। काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चला तब वह उसके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कर ली गई है। इसकी जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बेकाबू बाइक गिरने से युवक जख्मी

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर अचानक अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से बाइक सवार युवक घायल होने पर हाइवे पेट्रोलिंग द्वारा घायल को सीएचसी लाया गया। वहां घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। करियापुर गांव के राजा सागर (28) पुत्र देवेन्द्र सविता रविवार को बाइक में सवार होकर पुखरायां आते समय झांसी और कानपुर हाइवे पर अहरौली शेख गांव के समाने अचानक अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से युवक घायल होने से हाइवे पेट्रोलिंग के कर्मचारियो के द्वारा घायल को सीएचसी लाया गया।

### अचानक बिगड़ी वार्डन की तबीयत

**कानपुर देहात।** अमरौधा ब्लाक के स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गौर के वार्डन की अचानक हालत बिगड़ने पर महिला पीआरडी और होमगार्ड के द्वारा वार्डन को सीएचसी लाया गया। वहां उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। गौर गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वार्डन पद पर तैनात राजीव नगर की रेनू (40) पुत्री फगुनी की रविवार को अचानक वार्डन की हालत बिगड़ने पर भाई आलोक कुमार, पीआरडी लक्ष्मीदेवी और होमगार्ड मंजू द्वारा वार्डन को सीएचसी लाया गया। ड्यूटी में तैनात डा राजवीर सिंह ने वार्डन को जिला अस्पताल रेफर किया।

### प्रोजेक्ट नई किरण में निपटे सात मामले

**कानपुर देहात।** रविवार को माती स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में प्रोजेक्ट नई किरण की बैठक हुई। इसमें सात परिवारों में सुलह हुई और पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद समाप्त हो गए। कुल 52 पारिवारिक विवाद के मामले सामने आए थे। प्रोजेक्ट नई किरण की टीम ने दोनों पक्षों की दलीलों को बेहद धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें साथ रहने के फायदों व कानूनी उलझनों के नुकसान समझाए। गहन काउंसलिंग और सदस्यों की सूझबूझ के बाद कई जोड़ों ने अपनी पुरानी कड़वाहट को भुलाकर आपसी सहमति से साथ रहने का फैसला किया। समझौते के बाद ये सभी जोड़े खुशी-खुशी अपने घर रवाना हुए। जिन मामलों में सहमति नहीं बन सकी।

### मातृ दिवस पर वामा सारथी ने आयोजित किया कार्यक्रम

**कानपुर देहात।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में वामा सारथी के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय और अर्चना सिरोही, अध्यक्षा वामा सारथी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर माताओं के सम्मान, उनके त्याग, तपस्या एवं परिवार एवं समाज में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं पुलिस परिवार की माताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एसपी ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मातृ शक्ति ही समाज की मूल आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य रहा।

### शिव मंदिर में आज होगा रुद्राभिषेक

**कानपुर देहात।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर नगर पंचायत अकबरपुर के तत्वाधान में सिंह लॉन के पास स्थित शिव मंदिर अशोक नगर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली गुड्डन सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** थाना सट्टी पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 7 मई को एक व्यक्ति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। रविवार को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सलेमपुर गांव के पास अमरौधा जाने वाली सड़क पर स्थित बंबा के पास घेराबंदी की और अभियुक्त हसीब उर्फ आशिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि हसीब उर्फ आशिक (19 वर्ष), पुत्र रफीक, निवासी मोहल्ला कटरा, कस्बा अमरौधा के खिलाफ धारा 65(1), 137(2) और 351(3) के साथ ही पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत कार्रवाई की है।

# हादसे के बाद भी ऑटो से ढोए जा रहे क्षमता से अधिक यात्री

## आगे और पीछे सवारियां लटकाकर फर्राटा भर रहे ऑटो

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** ऑटो टेंपो पर भूसे की तरह ठूसकर सवारियां भरने पर कोई लगाम न लगने के कारण शनिवार को टू सीटर ऑटो में पिकअप की टक्कर से पिता-पुत्री ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और 8 लोग घायल हो गए। गंतव्य तक जाने के लिए विवश सवारियों का फायदा उठाते इन टेंपो और ऑटो चालकों पर लगाम लगाए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

शनिवार को रसूलाबाद से शिवली की ओर जा रहे ऑटो और सामने से आ रहे एक पिकअप में रसूलाबाद कानपुर रोड पर कहिंजरी विद्युत सब स्टेशन के समीप भिड़ंत हो गई। टू सीटर कहे जाने वाले इस ऑटो पर चालक सहित 11 लोग दीपू 40, सोनम 38, गहना 9, नैना 6, तारा देवी 25, सीता उर्फ सितारा 23, रामवती 70, भूरी 6, अयांश 4 शुभांकर 3 आसमा 10, व चालक थे। इनमें 6 बच्चे और पांच युवा व वृद्ध थे। इस कदर भरे हुए आटो पर भी किसी प्रकार का अंकुश लगाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। ऐसी दशा में चालक के दोनों और भी सवारियां बैठा ली जाती हैं।

इससे तेज रफ़्तार ऑटो को नियंत्रित करने में चालक को परेशानी होती है किंतु जहां ऑटो चालक कमाई के लालच में लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं वहीं इस समय सहालगी सीजन में मिले निमंत्रण के अनुरूप लोग गंतव्य तक पहुंचने के लिए बेवशी में इन पर सफर करते हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने इस प्रकार क्षमता से बहुत अधिक सवारियां बैठाने वाले आटो एवं टेंपो चालकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।


ऑटो पर ठूंस कर भरी सवारियां। अमृत विचार

**02** लोगों की गत दिवस गई थी जान

- रसूलाबाद कानपुर रोड पर कहिंजरी विद्युत सब स्टेशन के समीप शनिवार को हुआ था हादसा

### तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी, दो लोग घायल

**कानपुर देहातः** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बे में रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर के चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा पुखरायां कस्बे के किसान सेवा आश्रम के निकट हुआ। सट्टी थाना क्षेत्र के रूरगांव निवासी कल्लू एक ट्रैक्टर ट्रॉली में ईंटे लादकर पुखरायां कस्बा स्थित हरदुआ पुल के पास स्थित अपने प्लाट जा रहा था। ट्रैक्टर सट्टी थाना क्षेत्र के ट्यौंगा निवासी सरमन चला रहे थे। पुखरायां कस्बे के किसान सेवा आश्रम के निकट एक अज्ञात ट्रक ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक सरमन व उसमें बैठे कल्लू दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया। सरमन की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# सफर के दौरान महिलाओं के पर्स व नकदी चोरी की दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने ऑटो में सफर के दौरान महिलाओं के पर्स और जेवर चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने हरियाणा की रहने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए चांदी के पायजेब, बिछिया, सोने की कील और नकदी बरामद की है।

दौलतपुर निवासी उर्मिला के साथ घटना हुई थी। पुलिस को दी तहरीर में उर्मिला ने बताया कि शनिवार को वह अपने पति के साथ ऑटो से मूसानगर से भोगनीपुर आ रही थीं। रास्ते में दो अज्ञात महिलाएं एक बच्चे के साथ ऑटो में सवार हुईं। भोगनीपुर कस्बे के पास एसबीआई बैंक के पास एक महिला ने उर्मिला के बच्चे को गोदी में लेने का बहाना किया, जबकि दूसरी ने अपना पर्स उर्मिला के पर्स के ऊपर रख दिया। शक होने पर जब उर्मिला ने जांच की तो उनका पर्स बगल वाली महिला के पास मिला। घर जाकर देखने पर पता चला कि पर्स के अंदर रखे चांदी के जेवर और आधार कार्ड चोरी हो चुके थे।

घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद थाना भोगनीपुर पुलिस सक्रिय हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रविवार को भोगनीपुर चौराहे के पास से दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी का सारा सामान बरामद हो गया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे हरियाणा से आकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सवारी गाड़ियों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देती हैं और रात में झोपड़-पट्टियों में शरण लेती हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान सुधा पत्नी राजकुमार और पूजा पत्नी सुमित हैं। वह फरुखनगर, जनपद गुड़गांव, हरियाणा की निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि उनके पास से दो जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया, एक सोने की नाक की कील तथा 1740 रुपये नगद मिला। साथ ही पीड़िता का आधार कार्ड, एक ब्लेड, दो चाबियां और एक बड़ी सेफ्टी पिन बरामद की है।


पुलिस की गिरफ्त में चोरी की आरोपी महिलाएं। अमृत विचार

- हरियाणा के गुड़गांव की रहने वाली हैं दोनों आरोपी महिलाएं

# वैदिक पुरोहित प्रशिक्षण शुरू 17 को यज्ञोपवीत संस्कार

**शिवलीः** तहसील क्षेत्र के हरिकिशनपुर गांव में स्थित स्वामी हरिहरानंद आश्रम में रविवार को निःशुल्क आवासीय वैदिक पुरोहित प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 17 मई को सामूहिक यज्ञोपवीत होगा।

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, आर्य समाज परसौली व दयानंद सेवाश्रम बिलई बड़ी के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क आवासीय वैदिक पुरोहित प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ है। पूर्व ग्राम प्रधान बलवान सिंह यादव ने बताया कि स्वामी हरिहरानंद आश्रम में चलने वाले शिविर में 17 मई को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार होगा। शिविर का समापन 24 मई को होगा। शिविर में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक की उम्र के लोग प्रशिक्षण ले सकते हैं। इस मौके पर रामबाबू आर्य, ज्ञान प्रकाश शास्त्री, संतराम, सतीश शास्त्री, अरविंद कुमार, राधेश्याम, डॉक्टर मजबूत सिंह, मानसिंह, सत्येंद्र, जयप्रकाश रहे।


शिविर में मौजूद लोग। अमृत विचार

# चेकिंग के दौरान दो ईंट भट्ठों पर काम करते मिले चार बाल श्रमिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** संयुक्त टीम द्वारा भोगनीपुर क्षेत्र स्थित ईट भट्ठों पर बाल श्रमिकों के चिन्हांकन की सघन की कार्रवाई की गई। दो ईंट भट्ठों से चार बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। परीक्षण के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रदेश को अगले साल दिसंबर तक बाल श्रम से मुक्त करने का संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत शासन के निर्देश तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में राम अशीष, सहायक श्रमायुक्त, कानपुर देहात के नेतृत्व में श्रम विभाग, कानपुर देहात, चाइल्ड लाइन एवं प्रोबेशन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भोगनीपुर क्षेत्र स्थित ईट भट्ठों पर बाल श्रमिकों के चिन्हांकन की सघन कार्यवाही की गई। इस दौरान ग्राम हलदरपुर भोगनीपुर के एक भट्ठे से दो बाल श्रमिकों एवं भोगनीपुर में दो बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सेवायोजकों को निरीक्षण टिप्पणी हस्तगत कराते हुए बच्चे के आयु परीक्षण हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। टीम द्वारा सेवायोजकों से अपेक्षा की गई कि वें अपने प्रतिष्ठान में कार्यरत श्रमिकों के बच्चों को निकटस्थ विद्यालयों में प्रवेशित कराए तथा उनके स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें। श्रम विभाग द्वारा आम जनमानस से अपील की जाती है कि यदि कही बाल श्रम होते दिखे तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम उपलब्ध कराने का कष्ट करें। कार्रवाई में मुख्य रूप अरविन्द कुमार सोनकर, पल्लवी सिंह, अमिता वर्मा, दीपक कुमार, रविन्द्र रहे।


जानकारी लेती जांच को पहुंची टीम। अमृत विचार

# नहाते समय नदी में डूबने से युवक की चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जनपद के मूसानगर थाना क्षेत्र में यमुना घाट पर नहाते समय एक युवक की डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद युवक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

पतारा घाटमपुर निवासी गंगाराम का पुत्र मोहित रविवार को मुक्तेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए आया था। यहां वह यमुना घाट पर नहाने लगा। इसी दौरान वह कुंड में फंसकर डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे युवक की तलाश शुरू की। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर युवक का शव घाट से कुछ दूरी पर बरामद कर लिया। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। बताया गया कि मोहित जिस घाट पर स्नान के लिए नदी में उतरा, वह घटना प्रतिबंधित क्षेत्र है।

बताते हैं कि घाट सदियों पुराना है और ध्वस्त हो चुका है। स्नान करना जोखिम भरा होने से प्रशासन द्वारा इस घाट पर पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जा चुका है। दर्शनार्थियों और भक्तों को संभावित दुर्घटनाओं से बचाने के लिए सांकेतिक बोर्ड भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद कुछ लोग मुक्तेश्वरी मंदिर के पीछे के रास्ते से उतरकर घाट पर नहाने का प्रयास करते हैं। थाना प्रभारी रीना गौतम ने बताया कि यमुना नदी में डूबे युवक का शव बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उमड़ी भीड़, 1,829 की जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** रविवार को जिले के अलग-अलग प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। इनमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। महिलाओं के लिए जागरूकता सत्र भी हुआ। इसमें विभिन्न रोगों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जिले में अब तक 251 मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले लग चुके। रविवार को यह संख्या 252 हो गई। एक शहरी एवं 29 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मेला आयोजित किया गया। आरोग्य मेले में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं जाँच कर दवाओ का वितरण किया गया। सीएमओ डा एके सिंह ने बताया कि अलग अलग जगहों पर लगे मेलों में कुल 58 चिकित्सक एवं 125 पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे। कुल 1829 मरीजों का उपचार किया गया। 860 पुरुष, 737 महिलाएं एवं 232 बच्चे सम्मिलित है। 615 मरीजों का कोविड हेल्प डेस्क पर परीक्षण किया गया, जिसमें कोई भी मरीज कोविड जांच योग्य नहीं पाया गया। मेले के दौरान 30 जरूरत मंद लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए।

इस दौरान महिलाओं मे गर्भाशय के कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी का टीका लगवाने की सलाह दी गई। बताया गया कि जनपद के जिला महिला चिकित्सालय सीएचसी रसूलाबाद, पुखरायां, देवीपुर, हवासपुर, संदलपुर, झींझक, डेरापुर एवं शिवली के अलावा पीएचसी राजपुर एवं रनियां में यह सुविधा उपलब्ध है। मेलों का निरीक्षण भी हुआ। बताया गया कि पीएचसी सरवनखेडा, रनियां, गुजराई एवं कुरवा-खुर्द का निरीक्षण डॉ. शलभ मोहन, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा किया गया। इसी तरह, मलासा एवं बरौर का निरीक्षण मारूति दीक्षित, जिला मलेरिया अधिकारी ने किया। मैथा, मैथा स्टेशन एवं रंजीतपुर का निरीक्षण डॉ. अशोक कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, डेरापुर और राजपुर, रसधान एवं उरसान का निरीक्षण डॉ. दीपक गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक, रसूलाबाद द्वारा किया गया।

- कैंसर को लेकर महिलाओं को किया जागरूक

**30** जरूरतमंदों के बनाए गए गोल्डन कार्ड

**बैठक** जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

# पेयजल की निगरानी के लिए जल सारथी ऐप जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के क्रियान्वयन, संचालन एवं अनुरक्षण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 504 पेयजल परियोजनाएं हैं, जिनमें से 292 परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। वर्तमान में 232 परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है तथा 62 गांवों में 'जल अर्पण कार्यक्रम' सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने शेष परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को नियमित एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल की गुणवत्ता का समय-समय पर परीक्षण कराया जाए तथा सभी परियोजनाओं की सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि परियोजना निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता पर कराई जाए तथा परियोजनाओं के आसपास पौधरोपण कराया जाए। इसके अतिरिक्त सभी स्वास्थ्य केंद्रों को योजना से प्राथमिकता के आधार पर संतृप्त किए जाने के निर्देश भी दिए गए। इस हेतु बैठक में एक्सईएन, जल निगम द्वारा जल सारथी ऐप के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह ऐप आमजन को जल जीवन मिशन से संबंधित सेवाओं को उनके मोबाइल पर उपलब्ध कराता है। इसके माध्यम से नागरिक अपने क्षेत्र की पेयजल परियोजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जलापूर्ति की स्थिति देख सकते हैं तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिकायत एवं सुझाव दर्ज कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे जल सारथी ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि पेयजल सेवाओं की निगरानी में जनसहभागिता बढ़े और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### महिला पर हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के एक गेस्ट हाउस से खाना बनाने जा रही महिला के ऊपर लोहे की रॉड से हमला करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाक्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव की सुशीला (50) पत्नी श्रीपत कुशवाहा गांव के गेस्ट हाउस में बीते बुधवार को सुबह 7:00 बजे करीब खाना बनाने के लिए गेस्ट हाउस जा रही थी। तभी गांव का बदलू पुत्र रामकिशुन कुशवाहा महिला को देखकर अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर लोहे के रॉड से सिर पर वार कर घायल कर दिया था। महिला के जेठ ने युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### पड़ोसी पर मारपीट का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के भरसवां गांव निवासी अजय पुत्र सियाराम में थाने में तहरीर देते हुए बताया कि घर के दरवाजा के बाहर बैठकर मोबाइल फोन देख रहा था। तभी पड़ोसी शिवम आकर पास में खड़े होकर उसके फोन को देखने लगा। थोड़ी देर बाद शिवम ने उसके फोन में हाथ मारकर जमीन में गिरा दिया। नाराजगी जाहिर करते हुए अजय ने उसके दो थप्पड़ मार दिए। जिस पर शिवम घर से लाठी लकार उसकी जमकर मारपीट कर दी। लोगों के बीच बचाव करने पर धमकी देकर चला गया। एसआई प्रेम प्रकाश ने बताया कि हमलावर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### जेके सीमेंट की ओर से राहगीरों को वितरित किया शीतल जल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** भीषण गर्मी को देखते हुए जे के सीमेंट इकाई ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हाईवे किनारे शीतल पेयजल कैंप लगाया। यूनिट हेड पंकज त्रिवेदी के निर्देश पर लगाए गए इस प्याऊ में राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों व बाइक सवारों को ठंडा आरओ पानी पिलाया गया तथा पेठा भी वितरित किया गया। यूनिट हेड पंकज त्रिवेदी ने कहा कि समाज के साथ जुड़कर ही वास्तविक विकास संभव है और गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाना कंपनी का उद्देश्य है। एसडीएम अभिषेक कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं। इस दौरान नीरज ओझा, अरुण दीक्षित, गौरव पांडे, शिवम शुक्ला, विनय यादव, कैप्टन सुरेंद्र सिंह व अंकित मौजूद रहे।

### मजदूरी न करने पर युवक को जमकर पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव में मजदूरी का विरोध करने पर युवक ने मजदूर को जमकर मारापीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। बिलरख गांव निवासी टुड्डू अनुरागी ने बताया कि रविवार की सुबह वह अपने घर पर चारपाई पर लेटा हुआ था। उसी दौरान गांव का एक युवक आया और उससे जबरन अपने यहां मजदूरी करने का दबाव बनाने लगा। बताया कि जब उसने मजदूरी करने का विरोध किया तो आरोपी युवक ने गाली देते हुए उसे मारना पीटना शुरू कर दिया।

### मधुमक्खियों के हमले से तीन लोग जख्मी

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के परछछ गांव में मधुमक्खियों के हमले से घायल मां व उसके मासूम बेटे समेत तीन को गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार है। तहसील क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी पूजा (25) पत्नी अशोक रविवार की सुबह अपने चार वर्षीय मासूम बेटे पीयूष को गोद में लेकर रास्ते पर जा रही थी। तभी अचानक आक्रोशित मधुमक्खियों ने मां बेटे पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से दो महिलाएं गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में सल्फास व डाई पीने के बाद दो महिलाओं की हालत बिगड़ गई। जहां एक महिला की हालत लगातार बिगड़ते देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली निवासी गिरिजा देवी (25) पत्नी गंगा प्रसाद ने शनिवार की रात घरेलू कलह के चलते घर घर में रखी सल्फास की गोली खा ली। जिस पर उसकी हालत बिगड़ते देख उसके परिजनों ने उसे आनन फानन गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर थानाक्षेत्र सिसोलर के ग्राम गांव घाट छानी निवासी कंचन (20) पत्नी ओमेंद्र ने भी घरेलू कलह के चलते डाई पी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पता कर रही है कि जहरीला पदार्थ क्यों खाया।

# यमुना नदी में डूबने से युवक की गई जान, मचा कोहराम

## पत्नी संग मुक्ता देवी दर्शन करने गया था, नहाने के दौरान नदी में डूबा

संवाददाता, घाटमपुर

- दैवीय आपदा राहत कोष से दिलायेंगे सहायता : एसडीएम
- शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा परिजनों का रो रोकर बुरा हाल



यमुना नदी में युवक के शव को ढूंढते गोताखोर। अमृत विचार



मोहित उर्फ गोलू।

**अमृत विचार।** मूसानगर स्थित मुक्ता देवी मंदिर के पीछे रविवार दोपहर यमुना नदी में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। लगभग एक घंटे बाद युवक का शव नदी से बहार निकाला जा सका। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बा निवासी गंगा राम ने बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा मोहित उर्फ गोलू प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उन्होंने बताया कि बेटे की शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व अंजना के साथ हुई थी, रविवार सुबह वह अपनी पत्नी अंजना और साले के संग घर से कानपुर देहात के मूसानगर स्थित मुक्ता देवी और बाला जी महाराज के दर्शन करने जाने की बात कहकर निकला था। दोपहर में बहु ने घर पर फोनकर सूचना दी कि, मुक्ता देवी मंदिर के पीछे यमुना नदी में नहाने के दौरान गोलू डूब गया है। पुलिस और गोताखोरों की टीम यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है। लगभग एक घंटे बाद नदी से उनके बेटे गोलू का शव बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी जुटाने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मूसानगर थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि यमुना नदी में युवक के डूबने की सूचना मिली थी, लेखपाल को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दैवीय आपदा राहत कोष से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

# हमीरपुर में बाइक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** थाना ललपुरा के सिकरी गांव के निकट राठ हमीरपुर हाईवे पर ई-रिक्शा और बाइक में हुई टक्कर से युवक की मौत हो गई। इस मामले में जिला अस्पताल में घटना को लेकर मृतक व घायलों के परिजनों के बीच विवाद होने से अफरातफरी मच गई।

राठ हमीरपुर हाईवे पर ग्राम सिकरी के पास ई-रिक्शा एवं बाइक के मध्य जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार अजय (30), बृजेश (32) व अतुल (24) निवासी ग्राम बजेहटा घायल हो गए। वहीं ई-रिक्शा सवार अभिषेक (20) पुत्र राजकिशोर कोठार निवासी ग्राम सिकरी, गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सभी घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृतक के परिजनों एवं बाइक सवारों के मध्य कहासुनी हो गई। जिस कोतवाली नगर पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया। इस मामले में मृतक के भाई अनुज पुत्र राज किशोर की तहरीर पर थाना ललपुरा पुलिस ने धारा 106 (1)/281 बीएनएस बनाम बाइक चालक अतुल पुत्र चुनूवाद प्रजापति निवासी ग्राम बजेहटा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक की कानपुर में मौत



अर्जुन।

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** शनिवार रात हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। नारायणपुर गांव निवासी अर्जुन (32) पुत्र सिद्धगोपाल शनिवार रात कस्बे से सब्जी खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। गल्ला मंडी के सामने पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे लकड़ी लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अर्जुन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल अर्जुन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर कानपुर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अर्जुन अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटों को छोड़ गए हैं। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव में भी शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर फैक्टरी एरिया चौकी में खड़ा करा दिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लकड़ी लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करने की मांग की है।

# गर्भवती नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, शिवराजपुर

- परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**अमृत विचार।** गर्भवती नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले में मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

क्षेत्र के मुहपोंछा गांव में रविवार को छह माह की गर्भवती नवविवाहिता मनीषा उम्र 24 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साढ़ क्षेत्र के पकरा गांव निवासी मृतका के पिता शिव प्रकाश ने बताया कि 4 जून 2025 को मनीषा की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ मुंहपोछा गांव के संजय पुत्र गोकर्ण गौतम के साथ की थी। उन्होंने ससुरालियों पर प्रताड़ना व इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि उन्हें समय पर सूचना भी नहीं दी गई। वहीं ग्रामीणों के अनुसार तबीयत बिगड़ने ब्लीडिंग होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि यूनिट फील्ड को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम लिए भेज दिया गया है । तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के वाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी । वहीं घटना की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में मृतका के मायके वाले गांव पहुंच गए व महिला को मार डालने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा ।

# मुकुट गलाकर गरीब बिटिया की पायल बनवा देना : बृजेश पाठक

विशेष संवाददाता, महोबा



लोगों को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक। अमृत विचार

- ग्वालटोली में परशुराम की मूर्ति के अनावरण पर बृजेश पाठक ने भेंट किया गया चांदी का मुकुट लौटाया

**अमृत विचार।** ग्वालटोली स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया ।

इस मौके पर ब्राह्मण सेवा समिति के दीप नारायण दीक्षित ने पाठक को चांदी का मुकुट भेंट कर उन्हें सम्मानित किया । पाठक ने वह मुकुट तत्काल उन्हें वापस किया और निवेदन किया कि इसका इस्तेमाल किसी गरीब बेटी की शादी में करें तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा 1 मुकुट गलवाकर इसकी पायल बनवाकर किसी गरीब बेटी की शादी में उसे भेंट कर दें । यदि पैसे कम पड़ें तो उनसे ले लें और जिस बेटी को भेंट करें, उससे हमारी बात भी करवाएं 1 इस पर सबने ताली बजाकर पाठक की सराहना की।

इस मौके पर हुए समारोह के दौरान पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम से प्रेरणा लें 1 समय पलटा और श्यामा प्रसाद मुख़र्जी का सपना पूरा हुआ 1 बंगाल में भी भाजपा की सरकार बन गई और सनातन का झंडा गंगोत्री से गंगा सागर तक लहराने लगा 1 मूर्ति की स्थापना और मंदिर का जीर्णोद्धार ब्राह्मण सेवा समिति से जुड़े संजीव दीक्षित ने क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से करवाया है। इस मौके पर अरुण पूरी महराज, विधायक सुरेंद्र मैथानी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह, सुरेश अवस्थी, गणेश दीक्षित, पंडित रमेश चिंतक, उमेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। दक्षिण व्यापार मंडल के कमल उत्तम ने 51 किलो की माला पहनाकर उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

# ककवन में किसान की बाइक चोरी, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, बिल्हौर

- बीज कंपनी के प्रचार कार्यक्रम में शामिल होने गया था किसान

**अमृत विचार ।** ककवन कस्बे में आयोजित एक बीज कंपनी के प्रचार कार्यक्रम में पहुंचे किसान की बाइक पार्किंग से चोरी हो गई।

घटना की जानकारी होने पर किसान के होश उड़ गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। ककवन थाना क्षेत्र के बछना गांव निवासी अजय कुमार ने बताया कि शनिवार रात ककवन कस्बा स्थित नहर कोठी मैदान में एक बीज कंपनी द्वारा धान के बीज के प्रचार-प्रसार को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान पहुंचे थे। वह भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी बाइक से पहुंचे थे और वाहन को कार्यक्रम स्थल पर बनाई गई पार्किंग में खड़ा कर दिया था। अजय कुमार के अनुसार रात करीब नौ बजे जब वह कार्यक्रम समाप्त होने के बाद घर लौटने के लिए पार्किंग पहुंचे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। पहले उन्होंने आसपास काफी तलाश की और अन्य लोगों से भी जानकारी की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत ने बताया कि किसान की शिकायत प्राप्त हुई है। आसपास की दुकानों और मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। फुटेज के आधार पर बाइक चोरी करने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मदर्स डे पर 27 लोगों ने किया रक्तदान



रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मदर्स डे के अवसर पर रविवार को संकल्प सेवा समिति द्वारा रुद्रा ग्रीन अपार्टमेंट बिठूर रोड में 257वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अनिल चौहान, अजय सेंगर, दीपांकर, रवि रंजन, अतुल पांडे सहित कुल 27 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। विशेष आकर्षण तब रहा जब 18 वर्ष पूर्ण होने पर सुश्री महक ने अपनी माता के साथ पहली बार रक्तदान कर मदर्स डे पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। रविंद्र सिंह ने भी अपनी पत्नी के साथ रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। मुख्य अतिथि पनकी एसीपी मनोज कुमार सिंह थे। समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। शिविर का संचालन मधुलोक ब्लड बैंक कानपुर की प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम के निर्देशन में किया गया। समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान अनिल सिंह बाबा, योगेंद्र चौहान, राजवेंद्र सचान व सौरभ सिंह ने भी उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

## महिला और उसके देवर से मारपीट की

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मड़ैया मनावा में शनिवार शाम को एक महिला और उसके देवर को दबंगों ने पीटा।

ग्राम मनावा जोगिन डेरा की निवासी रंजना (35 वर्ष) शनिवार शाम करीब 6:00 बजे अपनी बकरियां चरा रही थीं। इसी दौरान उनकी एक बकरी केके यादव के खेत में चली गई। इससे केके यादव ने बकरी को अपने कब्जे में ले लिया। जब रंजना अपने देवर लली के साथ अपनी बकरी छुड़ाने पहुंची, तो केके यादव, सोनू और छोटू ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने रंजना और उनके देवर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। जाते समय आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पूर्व प्रधान को दी जेल भिजवाने की धमकी

संवाददाता, चौबेपुर

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच
- गांव के विरोधी कर रहे परेशान : पीड़ित

**अमृत विचार।** कस्बे के ब्रह्म नगर मोहल्ले में एक अज्ञात महिला द्वारा पूर्व प्रधान के साथ गाली गलौज व फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवाने की धमकी दी गई। हफ्ता पूर्व हुई घटना में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

कस्बे के ब्रह्म नगर मोहल्ला निवासी पूर्व प्रधान बिरोहा शैलेंद्र दीक्षित पुत्र दयाशंकर दीक्षित ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि बीती 4 मई की रात वह घर पर सो रहे थे। तभी करीब 1:10 पर एक इलेक्ट्रिक ऑटो से आई नकाबपोश महिला जिसने आंखों पर काला चश्मा लगा रखा था, प्रार्थी को आवाज देकर बुलाया। बाहर निकलने पर अनर्गल आरोप लगाते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। पूछे जाने पर अपना नाम नहीं बताया और न ही मुंह पर बंधा कपड़ा खोला। ऑटो चालक से पूछे जाने पर उसने बताया कि महिला टीचर है। फर्जी मुकदमा लिखवा कर जेल भिजवाने की धमकी देते हुए महिला मालौं क्रॉसिंग की ओर चली गई। घटना की सूचना उन्होंने 112 नंबर पर तत्काल दी थी। बताया कि गांव के कुछ विरोधियों द्वारा लगातार उनके व परिवारजनों के खिलाफ फर्जी मुकदमे लिखवाये जा रहे हैं, जिससे परिवार के लोग भयभीत बने हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रोता हुए भाव-विभोर

**बिवांर (हमीरपुर)।** मुस्करा विकासखंड के ग्राम लोदीपुर निवादा में स्थित कल्पवृक्ष धाम में चल रहे रुद्र महायज्ञ एवं साप्ताहिक भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भागवताचार्य निशा शुक्ला ने श्रोताओं को कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई।

बताया कि कंस के अपनी बहन देवकी को विदा करते समय आकाशवाणी हुई कि इसी का पुत्र तुम्हारा काल बनेगा कंस ने काल से बचने के लिए अपने बहन सहित पति को कारावास में डाल दिया और एक एक कर जन्म ले रहे नवजात शिशु को कंस अपने हाथों से वध करता गया है शुकदेव जी कहते है कि भगवान अजन्मा है जब पृथ्वी पर अत्याचारों का अंत करने के लिए अवतार लेते हैं। प्रभु श्रीकृष्ण ने कंस के अत्याचारों से लोगों को निजात दिलाने के लिए अवतार लिया।

**अव्यवस्था** | कार्यदाई संस्था ने पटरी खोदने के बाद नहीं लगाए संकेतक

# बांदा मार्ग में खोदी गई पटरी दे रही हादसों को दावत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



बांदा मार्ग किनारे खुदा पड़ा नाला व भरा पानी। अमृत विचार

- रानी लक्ष्मीबाई तिराहा से कमलेश तिराहा तक इस मार्ग के दोनों तरफ है समस्या

**अमृत विचार।** कस्बे के मध्य से गुजरे स्टेट हाईवे बांदा,पैलानी, तिंदवारी मार्ग के चौड़ीकरण के लिए खोदकर डाली गई पटरी हादसे को न्यौता दे रही है। कार्यदाई संस्था ने राहगीरों के लिए खोदे गए स्थान पर किसी तरह के संकेतक नहीं लगाए हैं।

कस्बे में बांदा पैलानी तिंदवारी मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य शुरू है। बस स्टॉप से लेकर देवगांव चौराहा तक कार्यदायी संस्था ने कार्य पूर्ण करा दिया है। देवगांव चौराहा से रानी लक्ष्मीबाई तिराहा तक डामरीकरण का कार्य शेष है। रानी लक्ष्मीबाई तिराहा से कमलेश तिराहा तक इस मार्ग के दोनों तरफ पटरी को खोदकर डाल दिया गया है। खोदी गई पटरी में लीकेज एवं बारिश के चलते जल भराव हो गया है। खोदे गए स्थान पर कार्यदायी संस्था ने किसी तरह की संकेतक नहीं लगाए हैं। इससे यहां हादसे की आशंका बनी हुई है। कस्बे के समाजसेवी संजय त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्यदायी संस्था की ओर से लापरवाही है खोदी गई पटरी में कार्यकारी संस्था को कार्य प्रगति पर होने के संकेतक लगाने चाहिए परंतु नहीं लगाए गए हैं।

यह विभाग एवं कार्यदायी संस्था की लापरवाही है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता एन के स्वर्णकार ने बताया कि कार्यदायी संस्था को संकेतक लगाने के लिए कहा गया था अगर संकेतक नहीं लगे है तो तत्काल संकेतक लगाए जाएंगे।

## उधार देने से मना करने पर पीटा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र ग्राम बांकी में उधार गुटखा बीड़ी देने से मना करने पर नाराज दबंग ने दुकानदार की नाक में घुसा मारकर लहूलुहान कर दिया और गुल्लक में रखे 3200 रुपये लेकर जान से मार देने की धमकी देकर चला गया।

बांकी गांव निवासी सुरेंद्र प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया कि वह गांव में किराने की दुकान चलाता है गत 5 मई की शाम 7:00 बजे गांव का निवासी चेतराम सिंह दुकान पर आया और उधर बीड़ी गुटखा की मांग की। मना करने पर आग बबूला होते हुए भद्दी भद्दी गाली देते हुए नाक में घुसा मार कर लहूलुहान कर दिया और गुल्लक में रखे 3200 रुपये लेकर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। जांचकी मांग की गई है।

# चौबेपुर में गाली गलौज का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित हनुमान मंदिर के निकट बुधवार रात गाली गलौज का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

कस्बा निवासी आर्यन दुबे पुत्र सुनील दुबे ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गत बुधवार रात करीब 9:30 बजे वह अपने प्रतिष्ठान से कार्य समाप्ति के बाद साथी शोभित मिश्रा व वितांशु सविता के साथ कस्बा स्थित हनुमान मंदिर दर्शन के लिए गया था। वहां दर्शन के बाद वह मंदिर के पीछे मैदान में टहल रहा था। तभी अंधेरे में कुछ लोगों की आवाज़ सुनाई दी मोबाइल की टॉर्च जलाकर देखने पर उक्त लोग उसके पास आए और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों व लात घूसों से जमकर पीटा। इस दौरान बचाव के लिए दौड़े साथियों को देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। मारपीट करने वालों में चाहत गुप्ता उर्फ रजत पुत्र रमेश चंद्र चौबेपुर को उसने पहचान लिया। जबकि साथ रहे उसके 5 - 6 साथियों को अंधेरे की वजह से नहीं पहचान पाया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया मारपीट करने वाले लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### वॉटर कूलर में मिली छिपकली

**कानपुर।** एचबीटीयू के रमन हॉस्टल में लगे वॉटर कूलर में छिपकली निकलने से युवाओं में नाराजगी फैल गई। छात्रों का कहना था कि गर्मी में हॉस्टल में रहने वाले युवा वॉटर कूलर पर ही निर्भर होते हैं। जिस वॉर्ड कूलर में छिपकली निकली है उससे लगभग 70 से 80 युवा पानी पीते हैं। इस तरह की लापरवाही छात्रों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। घटना सुन विश्वविद्यालय प्रशासन भी हरकत में आया। तुरंत ही हॉस्टल में लगे वॉटर कूलर की सफाई की गई। सफाई किए जाने के बाद युवाओं के एक समूह से उसे दोबारा जांच भी कराई गई। युवाओं की ओर से संतुष्ट होने के बाद ही वॉटर कूलर को दोबारा शुरू किया जा सका। डीएसडब्लू प्रो सीएल गहलौत ने बताया कि सभी वॉटर कूलर की सफाई कर छात्रों से जांच कराई गई।

### सीएसए में आचार्य नियुक्त किए जाएंगे

**कानपुर।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में शिक्षकों की कमी दूर करने और शैक्षणिक गुणवत्ता मजबूत करने के लिए भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने गेस्ट फैकल्टी व्यवस्था समाप्त कर उसकी जगह सहायक आचार्य (संविदा) पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव तैयार किया है। विश्वविद्यालय में नियमित शिक्षकों के पद को भरने की प्रक्रिया रुकी है।

# योगी सरकार में शहर फिर रह गया खाली हाथ

## विधानसभा अध्यक्ष शहर से होने के कारण किसी को मंत्री नहीं बनाया जाना दे रहा टीस, लोग मायूस


शैलेश अवस्थी, कानपुर

- कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र से अब हुए नौ मंत्री जिनमें दो कैबिनेट दो के पास स्वतंत्र प्रभार
- चुनावी साल में अब बोर्ड या आयोग का पद शहर से भाजपा नेता को मिलने की उम्मीद


कृष्णा पासवान।


अजीत सिंह पाल।


कैलाश सिंह राजपूत।


राकेश सचान।


प्रतिभा शुक्ला।

### अजीत पाल का कद बढ़ा

- कानपुर देहात की सिकंदरा सीट से दो बार के विधायक अजीत सिंह पाल को तरक्की देकर स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनाया गया है। वह अभी आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में राज्य मंत्री है। अजीत पाल की पहचान जमीन से जुड़े नेता और पाल समुदाय में अच्छी पकड़ वाली है।

### दलित, पिछड़ा वर्ग को तरजीह

- मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधा गया है। दलित और पिछड़ों को खास तवज्जो मिली है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से अब तीन दलित, चार पिछड़े, एक राजपूत और एक ब्राह्मण मंत्री हैं। इनमें दो महिलाएं हैं।

**अमृत विचार।** अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अंतिम माने जा रहे योगी सरकार के रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कानपुर शहर एक बार फिर खाली हाथ रह गया। इससे योगी सरकार 2.0 में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का प्रतिनिधित्व बढ़ने के बावजूद शहर से किसी को मंत्री नहीं बनाए जाने की टीस और बलवती हो गई। हालांकि इस बार सतीश महाना को विधानसभा अध्यक्ष जरूर बनाया गया, लेकिन इस पद की कीमत पर किसी अन्य को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिए जाने के तर्क को लेकर अधिकतर लोग एकराय नहीं है।

वर्ष 2017 में प्रदेश में योगी सरकार बनने पर कानपुर से सत्यदेव पचौरी और सतीश महाना को कैबिनेट मंत्री तथा नीलिमा कटियार को राज्यमंत्री बनाया गया था। लेकिन 2022 में दूसरी बार योगी सरकार बनने पर सतीश महाना को विधानसभा अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण ओहदा जरूर दिया गया। लेकिन किसी अन्य विधायक को राज्य मंत्री तक नहीं बनाया गया। इसे लेकर अब कहा जा रहा है कि चुनावी साल में किसी बोर्ड या आयोग का पद कानपुर शहर के किसी भाजपा नेता को देकर संतुष्ट किया जा सकता है।

**क्षेत्र से अब नौ मंत्री:** मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा संगठन के लिहाज से 17 जिलों वाले कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की ताकत और बढ़ गई है। इस क्षेत्र की 52 विधानसभा सीटों में भाजपा के 38 विधायक हैं। पांच विधान परिषद सदस्य हैं। विस्तार में फतेहपुर की कृष्णा पासवान और तिर्वा के कैलाश राजपूत को मंत्री बनाया गया है। कानपुर देहात के अजीत पाल को राज्यमंत्री से तरक्की देकर स्वतंत्र प्रभार मंत्री बना दिया गया है। अभी तक इस क्षेत्र से राकेश सचान, प्रतिभा शुक्ला, अजीत सिंह पाल (कानपुर देहात), स्वतंत्र देव सिंह (जालौन), मुन्नू कोरी (ललितपुर), रामकेश (बांदा) और असीम अरुण कन्नौज से मंत्री के अलावा कानपुर से सतीश महाना विधानसभा अध्यक्ष हैं। अब फर्रुखाबाद जिले के तिर्वा से चार बार के विधायक कैलाश राजपूत और फतेहपुर की खागा सीट से विधायक कृष्णा पासवान को राज्यमंत्री के रूप में शामिल किया गया है। इस तरह अब कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से नौ मंत्री हो गए हैं। हालांकि इसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और स्वतंत्रदेव सिंह ही हैं। असीम अरुण और अजीत पाल स्वतंत्र प्रभार मंत्री हैं।

**बुंदेलखंड को मंत्रिमंडल में मजबूत प्रतिनिधित्व:** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से खागा विधायक कृष्णा पासवान एवं तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत को उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री तथा अजीत पाल को पदोन्नत कर स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी है। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने इसे कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनसेवा का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।



गोष्ठी को संबोधित करते स्वांत रंजन। अमृत विचार

# राष्ट्र निर्माण में व्यापारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर व्यापारी समाज की ने की गोष्ठी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को लाजपत नगर स्थित हवेली रेस्टोरेंट में व्यापारी समाज की गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं एकल गीत से हुआ।

मुख्य वक्ता स्वांत रंजन ने पंच परिवर्तन विषय पर विचार रखे। कहा कि पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य ही जीवन का सार है। व्यापारी वर्ग केवल आर्थिक व्यवस्था का आधार नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण, राष्ट्र निर्माण और सेवा कार्यों का भी प्रमुख केंद्र है।

कार्यक्रम में प्रांत संघचालक भवानी भीख, प्रांत प्रचारक रामजी एवं भाग संघचालक सहित मुकुंद मिश्रा, सुनील बजाज, मणिकांत जैन, प्रदीप गुप्ता, नीरज दीक्षित, सुरेश गुप्ता, दीपक सिंह, रोमी सिंह, अशोक अग्रवाल, पवन तिवारी, अमित दोसर, विनोद पाल, टीकम चंद्र सेठिया, राम कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, ओमप्रकाश चौटाला, आयुष शुक्ला, ऋषभ पाठक, सत्यम शुक्ला, अंकित मिश्रा, अनुपम मिश्रा आदि रहे।

# मातृ दिवस पर दक्षिण में गूंजी नारी शक्ति की हुंकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कांग्रेस ने महिलाओं को सम्मानित किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मातृ दिवस के अवसर पर कानपुर दक्षिण के बर्रा-2 क्षेत्र में आयोजित कांग्रेस के नारी शक्ति विजय संकल्प कार्यक्रम में 142 महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। आयोजन कानपुर महानगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में और एआईसीसी सदस्य व किदवई नगर विधानसभा कोऑर्डिनेटर विकास अवस्थी के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अगुवाई पूर्व महापौर प्रत्याशी आशनी अवस्थी ने की। महिला एनजीओ संगठन से जुड़ीं जूली तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा।

इस दौरान सोनी पाल, प्रदेश महासचिव जेपी पाल, आलोक मिश्रा, हर प्रकाश अग्निहोत्री, नरेश त्रिपाठी, मानेश दीक्षित, शंकर दत्त मिश्रा, रत्नेश गुप्ता, दिनेश तिवारी, नकुल दुबे, अखिलेश गोयल, अमित जायसवाल, मोहित श्रीवास्तव और राम नवल कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा शबनम आदिल, संतोष त्रिपाठी, सोनल सिंह, गुड़िया तिवारी, अर्चना यादव, आरती मिश्रा और मोनी बाजपेई समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

### विजय हत्याकांड पर गरमाई राजनीति न्याय की मांग

**कानपुर।** शिवाला क्षेत्र के होजरी व्यापारी विजय चौरसिया की हत्या के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

जिलाध्यक्ष ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से मामले का जल्द खुलासा करने और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कहा यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

# लेबर की कमी से उत्पादन पर पड़ा असर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- औद्योगिक क्षेत्र की अव्यवस्था को भी बड़ी वजह मान रहे उद्यमी

**अमृत विचार।** इस्पात नगर-उद्योग नगर औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। स्थिति यह है कि औद्योगिक इकाइयों में प्रोडक्शन पर भी असर पड़ रहा है। यह समस्या है औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों की लगभग 40 फीसदी की कमी। इससे लगभग 20 फीसदी प्रोडक्टशन प्रभावित हो रहा है। यहां के उद्यमी इस समस्या के लिए क्षेत्र का विकसित न होना बता रहे हैं।

1978 में केडीए की ओर से शहर के बाहर इस क्षेत्र को विकसित किया गया था। जिसे इस्पात नगर का नाम दिया गया था। समय के साथ क्षेत्र बदहाल होता गया और किए गए विकास के कार्य बर्बाद हो गए। इसके बाद मुख्य रूप से इस क्षेत्र में 2014 के बाद उद्योग स्थापित होने शुरू हुए तो यह पाया गया की क्षेत्र में आधारभूत सुविधाएं जैसे की सड़क, नालियां, स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन आदि नहीं है।

पूरे औद्योगिक क्षेत्र में जगह-जगह अतिक्रमण है। गहरे गड्ढे हैं और फुटपाथों पर जंगल की तरह झाड़ियां उगी हुई है। आए दिन यहां के उद्योगों में चोरियां होती हैं। उद्यमी इस इन सब समस्याओं से जूझ ही रहे थे कि अब एक नई समस्सया सामने आ गई है। यहां पर पिछले दो महीनों से लेबर की कमी हो गई है।

माना जा रहा है कि रसोई गैस किल्लत के दौरान जो लेदर क्षेत्र छोड़कर गई वह अभी तक वापस नहीं आई है। उद्यमियों का मानना है कि क्षेत्र से बाहर जाने के बाद अब उन लोगों ने दूसरी जगहों पर काम करना शुरू कर दिया है। उद्यमियों का यह भी मानना है कि उनके वापस न आने की एक वजह क्षेत्र की अव्ययवस्थाएं है। जिससे वे शहर के ही दूसरे क्षेत्रों मे काम मिलने पर वापस नहीं आ सके।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## बोले लोग


लेबर की कमी से यहां पर प्रोडक्शन पर असर पड़ने लगा है। क्षेत्र का विकास इस कदर होना चाहिए जिससे लेबर को आने और जाने में सुविधा मिल सके। औद्योगिक क्षेत्र में शाम के बाद से अंधेरा हो जाता है जिससे भी यहां पर लेबर आने से कतराती है।
– रजत गुप्ता, अध्यक्ष, इस्पात नगर


इस्पात नगर में समस्याओं के बीच उद्यमी अपना काम करने को मजबूर है। इस औद्योगिक क्षेत्र की यदि जल्द ही समस्याएं दूर नहीं की गई तो आने वाले समय में स्थिति उद्योग के लिए काफी विपरीत हो जाएगी। इसके लिए जल्द ही अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी।
– निशांत खंडेलवाल, उद्यमी, इस्पात नगर


इस औद्योगिक क्षेत्र में एक के बाद एक लगातार परेशानियां सामने आती है। यहां पर बरसात में अलग तो गर्मियों में अलग तरह की परेशानी उद्यमी झेलते हैं। यहां पर जल्द ही विकास कार्य शुरू किए जाने की जरूरत है।
– आशीष शाहने, उद्यमी, इस्पात नगर


क्षेत्र की यदि समस्याएं दूर हो जाए तो बड़ी संख्या में उद्यमी यहां की ओर आकर्षित हो सकेंगे। खरीदार भी सीधे औद्योगिक क्षेत्र में आकर प्रोडक्ट के सैंपल देख सकेंगे। इससे यहां के उद्योगों का भी विकास हो सकेगा। हम लोग लंबे समय से क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष कर रहे हैं।
– प्रदीप केडिया, उद्यमी



राम पाल के परिजनों से मिलते ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रविवार शाम भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल के बर्रा स्थित आवास पहुंचे और उनके बड़े भाई स्वर्गीय श्री राम पाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने प्रकाश पाल को सांत्वना देते हुए कहा कि श्री राम पाल सरल, सौम्य और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने परिवार के सदस्य अजीत पाल, अमन पाल एवं यश पाल से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नियमों से ज्यादा यूरिया बेच रहे दुकानदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जांच में क्या लापरवाही मिली:** ■ मई के पहले सप्ताह में ही थोक में बिक्री की गई। ■ भारी मात्रा में बिक्री के बावजूद किसानों के भूमि विवरण और फसल रिकॉर्ड का मिलान न होना। ■ बढ़ी बिक्री से उर्वरक की कृत्रिम किल्लत और कालाबजारी की संभावना।
- **क्या कार्रवाई की गई:** ■ सभी दोषी फर्मों की आईएफएमएस आईडी को ब्लॉक किया गया। ■ मुख्य आपूर्तिकर्ताओं (पीसीएफ, राजेन्द्र कुमार एण्ड कम्पनी) को सप्लाई न देने के निर्देश। ■ केंद्र प्रभारियों को सोमवार यानि आज साक्ष्यों (किसान का नाम, मोबाइल नंबर, खतौनी) देने को कहा गया।

**अमृत विचार।** जिले में उर्वरक बिक्री के निर्देशों की धज्जियां उड़ाने वाले पांच केंद्रों को नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक खाद बेचने के मामले में मेसर्स गुप्ता खाद भंडार समेत चार एम-पैक्स केंद्रों से हिसाब मांगा गया है। हिसाब में उन किसानों का ब्योरा देने को कहा गया है जिन्हें खाद बेची गई है। कृषि विभाग ने इन सभी केंद्रों की उर्वरक आपूर्ति पर रोक लगा दी है। जिससे इन क्षेत्रों में यूरिया का संकट बढ़ सकता है। जिला कृषि अधिकारी प्राची पाण्डेय ने बताया कि नियम विरुद्ध उर्वरक बेचने वालों पर कार्रवाई होगी।

कृषि विभाग ने 30 अप्रैल को आदेश जारी कर अधिकतम 10 बैग यूरिया और 8 बैग डीएपी बेचने का पत्र जारी किया था। पतारा के मेसर्स गुप्ता खाद भंडार ने 236 बैग यूरिया बेची जो नियम से 226 बैग अधिक है। इसी का हिसाब मांगा गया है। भीतरगांव पासी खेड़ा के एम-पैक्स ने 37 बैग डीएपी बेची। मडिलवा पाल्हेपुर एम-पैक्स व सिंहपुर कछार एम-पैक्स ने भी मानक से दोगुनी यूरिया की बिक्री की। शिवराजपुर भैंसऊ एम-पैक्स ने भी 22 बैग यूरिया बेची।



लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# 2027 विस चुनाव के लिए लोजपा ने शुरू की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए एनडीए के सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) ने समीक्षा बैठक की। चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया।

मुख्य अतिथि जमुई सांसद अरुण भारती उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान एवं जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने की। सांसद ने कहा कि जनता के बीच जाएं और उनकी समस्याओं को हल कराने की कोशिश करें। इसी के साथ ही सभी कार्यकर्ता बूथस्तर तक मजबूत पकड़ बनाएं। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान ने कहा कि पार्टी युवाओं, गरीबों, दलितों एवं पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। बैठक में शुभम तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, राम शरण सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डफरिन में एनआईसीयू की मिलेगी सुविधा

**कानपुर।** स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने डफरिन अस्पताल में एनआईसीयू बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री ने 16 बेड का एसएनसीयू और चार बेड का एनआईसीयू को क्रियाशील किए जाने के लिए मानव संसाधन के पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

बड़ा चौराहा स्थित डफरिन अस्पताल में एमएलसी विधायक सलिल विश्नोई ने एनआईसीयू बनवाने की मांग के लिए उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र लिखा था। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि अस्पताल में तीन नियमित, एक पुनर्नियोजन व तीन एनएचएम, सात बाल रोग विशेषज्ञ व दो एमओ कार्यरत हैं। वहीं, एनएचएम के माध्यम से अस्पताल में चार नियमित, दो पुनर्नियोजन, एक वॉक इन इंटव्यू, सात स्त्री रोग विशेषज्ञ, दो नियमित वरिष्ठ परामर्शदाता, दो नियमित एमओ, चार ईएमओ व चार एमओ कार्यरत हैं।

**जनता का मुद्दा** | एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी खराब, न तो मेट्रो कनेक्टिविटी, न सड़क मार्ग सही

# उड़ानें सीमित, एयरपोर्ट पहुंचने में दुश्वारियां हजार

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नया टर्मिनल बनने के बाद भी शहरवासियों का कानपुर से देश के प्रमुख शहरों की फ्लाइट का सपना पूरा होना तो दूर, एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए सुगम कनेक्टिविटी भी अभी तक नहीं मिल पाई है। देश भर में जहां सभी प्रमुख शहरों में एयरपोर्ट को मेट्रो से जोड़ा गया है, या जोड़ने का काम चल रहा है, वहीं शहर में इस दिशा में अभी कोई प्रस्ताव मंजूर तक नहीं हुआ है।

ऐसे में हालत यह है कि जीटी रोड-रामादेवी मार्ग पर यातायात जाम रास्ता रोकता है, तो जाजमऊ मार्ग से भी टर्मिनल पहुंचना आसान नहीं है। चकेरी एयरपोर्ट का नया टर्मिनल जीटी रोड से करीब तीन किमी अंदर है, जहां तक पहुंचने के लिए विमान यात्रियों को रामादेवी चौराहा से प्रयागराज हाईवे की सर्विस लेन का रास्ता पकड़ना होता है। यह मार्ग अतिक्रमण का शिकार होने तथा कई अंडरपास होने से मुसीबत का कारण बनता है। इससे पहले जीटी रोड के रास्ते रामादेवी चौराहा तक पहुंचना भी आसान नहीं है। झकरकटी बस अड्डा और टाटमिल चौराहा पर लगने वाला जाम कई बार यात्रियों के सामने फ्लाइट छूटने का खतरा बन जाता है। अगर कोई यात्री जाजमऊ नई चुंगी के रास्ते से एयरपोर्ट जाना चाहे तो पहले जाजमऊ में टेनरियों की बदबू से सामना करना पड़ेगा, उसके बाद सड़क पर जगह जगह गड्ढे मिलेंगे, कहीं-कहीं भेड़ों के झुंड का सामना भी करना पड़ सकता है। जाजमऊ नई चुंगी से एयरपोर्ट तक की कनेक्टिविटी को सुगम बनाने के लिए 31.87 करोड़ से छह किमी लंबी सड़क चौड़ी की गई थी।




### कानपुर फ्लाइट को लेकर लोगों की पीड़ा भी सुनिए



- यदि किसी को शहर से फ्लाइट पकड़ना है तो वह सर्किट हाउस के रास्ते से कानपुर एयरपोर्ट पहुंचना चाहता है तो कई जगह जाम में फंसेगा और फिर जाजमऊ थाना के बाद पहले टेनरियों के बदबू से सामना है, गड्ढों से गुजरना होगा और फिर रास्ते में कहीं भेड़ भी मिलती है। आगे मोड़ पर रास्ता संकरा है। सैयद इंतजार हुसैन एडवोकेट


लखनऊ से फ्लाइट का किराया सस्ता है, सुविधाएं भी ज्यादा हैं, यदि किसी को पुणे या अहमदाबाद जाना है तो उसे कानपुर से जाने पर कनेक्टिविटी फ्लाइट लेना पड़ा होगा क्योंकि डायरेक्ट फ्लाइट कानपुर से नहीं है, ऐसे में टाइम बहुत ज्यादा लगता है और किराया भी ज्यादा देना पड़ता है।
कवल गांधी (गोल्डी) ट्रांसपोर्टर


कई वर्षों से सुन रहे हैं कि जाजमऊ से सीधे आप कानपुर एयरपोर्ट पहुंच सकते हैं लेकिन ये रास्ता इतना खराब है कि लोग जाम में फंसकर जाना पसंद करते हैं लेकिन जाजमऊ के रास्ते से जाना नहीं चाहते। करोड़ों रुपये खर्च करके बनाये गये आधुनिक एयरपोर्ट से जितना फ्लाइट होना चाहिए, नहीं है।
मोईनुल इस्लाम, प्रधानाचार्य फैज-ए-आम इंटर कालेज


जब पैसेंजर को दिक्कत होती है तो एयरपोर्ट और एयरलाइंस को यात्री नहीं कहते बल्कि सीधे ट्रेवल्स एजेंट्स को ही बोलते हैं जिससे एजेंट की बदनामी होती है और ऐसे में कोई भी एजेंट बदनामी नहीं चाहता, इसलिए लखनऊ से ही यात्रियों को फ्लाइट देते हैं, ज्यादा बेहतर रहता है।
शारिक अलवी, अवध टूअर्स एंड ट्रेवल्स

सिटी ब्रीफ

### पानी के विवाद में घर में घुसकर मारपीट युवक का सिर फोड़ा

**कानपुर।** अनवरगंज थाना क्षेत्र के दलेलपुरवा निवासी महिला ने पानी के विवाद में पड़ोसियों पर घर में घुसकर परिवार को लात घूंसों से पीटने का आरोप लगाया। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें छेड़छाड़ की और बेटे को रॉड से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने विनोद, रजत, छोटू उर्फ वरुण, बिमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनवरगंज थानाप्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### तेज रफ्तार कार की रोडवेज बस में भिड़ंत

**कानपुर।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में गुरुदेव चौराहे के पास तेज रफ्तार कार की रोडवेज बस में टक्कर हो गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कार सवार दो लोग घायल हो गए। रोडवेज परिचालक अमित कुमार ने तहरीर में बताया कि वह आनंद विहार से झकरकटी बस अड्डा आ रहे थे। शनिवार देर रात पॉलिटेक्निक गेट के पास विपरीत दिशा से आ रही कार ने लापरवाही से बस में टक्कर मार दी।

# सीएसजेएमयू में एआई असिस्टेंट 'नारद' देंगे प्रवेश की जानकारी

## विश्वविद्यालय में पहली बार स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है एआई असिस्टेंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) ने प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए अपने पहले स्वदेशी एआई आधारित एडमिशन असिस्टेंट 'नारद' की शुरुआत कर दी है। यह टूल छात्र कल्याण एवं नामांकन संबंधी सटीक जानकारी देने के उद्देश्य से संवाद करेगा। विश्वविद्यालय की ओर से इसे शैक्षणिक नवाचार में विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

यह एआई असिस्टेंट नारद' का विकास विश्वविद्यालय की कैम-एआई टीम की ओर से पूरी तरह से स्वदेशी रूप से किया गया है।

'नारद' किसी बाहरी टोकन-आधारित एआई सेवा या थर्ड-पार्टी क्लाउड प्लेटफॉर्म पर निर्भर नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह विश्वविद्यालय के अपने डीजीएक्स हाई-परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग सिस्टम पर संचालित होता है। इस पहल के साथ सीएसजेएमयू उन अग्रणी भारतीय विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है जिन्होंने प्रवेश प्रक्रिया के लिए संस्थागत स्तर पर (आरएजी) आधारित एआई एजेंट विकसित और लागू किया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बताया कि यह सुविधा युवाओं की दौड़भाग और भ्रम को दूर करेगी।

### इस तरह करेगा काम

- 'नारद' विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, पाठ्यक्रम, शुल्क संरचना, काउंसलिंग, छात्रवृत्ति, प्रवेश परीक्षाओं, महत्वपूर्ण तिथियों तथा विश्वविद्यालय की सुविधाओं से संबंधित जानकारी तत्काल उपलब्ध कराता है। यह एआई असिस्टेंट हमेशा सक्रिय रहता है, जिससे छात्रों को किसी भी समय प्रमाणिक जानकारी प्राप्त हो सकती है तथा हेल्पलाइन पर निर्भरता कम होती है। 'नारद' की सबसे बड़ी विशेषता इसकी आरएजी आधारित संरचना है। इस तकनीक के माध्यम से यह एआई पहले विश्वविद्यालय के प्रमाणित डेटा एवं आधिकारिक दस्तावेजों से जानकारी प्राप्त करता है और उसके बाद उत्तर तैयार करता है। इससे छात्रों को सामान्य इंटरनेट आधारित उत्तरों के बजाय सटीक, संदर्भित और विश्वविद्यालय-विशिष्ट जानकारी प्राप्त होती है। यह प्रणाली गलत सूचना की संभावना को भी काफी हद तक कम करती है।

### इसलिए मिला नाम

- इस एआई असिस्टेंट का नाम भारतीय पौराणिक परंपरा के देवऋषि नारद से प्रेरित है, जिन्हें ज्ञान, संवाद और सूचना के दूत के रूप में जाना जाता है। भारतीय संस्कृति में देवऋषि नारद संवाद, जागरूकता और ज्ञान के प्रसार के प्रतीक माने जाते हैं। विश्वविद्यालय ने इसी सांस्कृतिक प्रतीक को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए इस एआई असिस्टेंट को 'नारद' नाम दिया है, जो छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच एक डिजिटल सेतु का कार्य करेगा।

## आईटीआई में लगेगा सीयूजीएल भर्ती शिविर

**कानपुर।** युवाओं के लिए रोजगार का अच्छा अवसर सामने आया है। सीयूजीएल कंपनी द्वारा कानपुर और उन्नाव लोकेशन पर विभिन्न तकनीकी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी की ओर से प्लंबर, फिटर और हेल्पर ट्रेड में योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कंपनी द्वारा जारी सूचना के मुताबिक आईटीआई पास अभ्यर्थियों के साथ-साथ 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण युवा भी आवेदन कर सकते हैं। हेल्पर पद के लिए अनुभव अनिवार्य नहीं रखा गया है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 13,500 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा, जबकि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद लगभग 30 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलने की संभावना जताई गई है। भर्ती के लिए इंटरव्यू का आयोजन सोमवार को राजकीय आईटीआई पांडु नगर कानपुर में किया जाएगा। इंटरव्यू प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होगी। अभ्यर्थियों को शैक्षिक प्रमाण पत्र व आवश्यक दस्तावेज साथ लाने हैं।


माताओं को गिफ्ट दिए गए। अमृत विचार

## जेसीआई रॉयल्स ने मदर्स डे मनाया

**कानपुर।** जेसीआई रॉयल्स कानपुर की ओर से रस्तपुर गांव में मदर्स डे पर समारोह आयोजित हुआ। माताओं को हैंडलूम गिफ्ट व राशन हंपर्स वितरित किया गया। माताओं को आदर्श बताया गया। क्लब के अध्यक्ष उदित नारायण ने कहा कि मां के त्याग का कोई मोल नहीं। कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं के लिए विशेष फन गेम्स का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान विवेक गुप्ता, महंत धीरज त्रिपाठी आयोजक जितेंद्र तिवारी, आयुषी नारायण, सचिव गौरव तोशनीवाल, कोषाध्यक्ष तनुज जाखोड़िया, लेडीज विंग चेयरपर्सन नीलांशा त्रिवेदी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आकांक्षा त्रिपाठी, श्वेता तोशनीवाल आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की मदद से मुस्करा उठी मां की ममता

मदर्स डे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बेटी खुशी के साथ गीता।

- गीता गुप्ता और नेहा फातिमा की आंखों से छलके खुशी के आंसू
- अब धीरे-धीरे बोलने और सुनने लगी खुशी, मायरा जा रही स्कूल

**अमृत विचार।** मदर्स डे का दिन एक मां के लिए तब और भी खास हो जाता है, जब उसे अपनी संतान की सलामती का सबसे बड़ा तोहफा मिले। शहर की दो माताओं ग्वालटोली की गीता गुप्ता और केशवपुरम की नेहा फातिमा के लिए यह दिन खुशियों का अलग एहसास लेकर आया है। दोनों मां की दास्तां अलग-अलग जरूर है, लेकिन खुशी का जरिया एक ही है। मदर्स डे पर उनका दर्द, मुस्कुराहट में बदलता नजर आया।

ग्वालटोली की गीता गुप्ता बताती हैं, कि उनकी बेटी खुशी सुन और बोल नहीं पाती थी, लेकिन अब पूरी तरह ठीक होने की राह पर है। जब खुशी ने पहली बार सुना, तो मुझे लगा जैसे पूरी दुनिया मिल गई। ये सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली मदद से हो पाया। बेटी को सरकार की तरफ से इलाज मिला, तो उसकी खामोश दुनिया चहक उठी। गीता की बेटी पुलिस की वर्दी देखकर आकर्षित होती है। गीता को भरोसा है कि अब उनकी बेटी पुलिस अफसर बनकर देश का नाम रोशन करेगी।

केशवपुरम की रहने वाली नेहा फातिमा भी बेहद खुश हैं। उनकी पांच साल की मासूम बेटी मायरा फातिमा अब स्कूल जाती है। नेहा ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, आज जब मैं मायरा को किताबों के साथ स्कूल जाते देखती हूं, तो दिल भर आता है। यह सब मुख्यमंत्री के स्नेह और सरकारी मदद से मुमकिन हो पाया है। नेहा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जब बच्ची से मुलाकात की थी, तब उसे चॉकलेट दी थी। आज भी जब किसी का फोन आता है, तो मायरा चहकते हुए कहती है, उन्हीं अंकल का कॉल आया है, जिन्होंने मुझे चॉकलेट दी थी। नेहा के लिए अपनी बेटी को दूसरे बच्चों की तरह अच्छे स्कूल में पढ़ते देखना इस मदर्स डे का सबसे अनमोल उपहार है।


किड्स स्कूल में बच्चों ने बनाए कार्ड। अमृत विचार

### मदर्स डे पर बच्चों ने नृत्य कर मन मोहा

कानपुर। किड्स वर्ल्ड स्कूल कोयला नगर में मदर्स डे पर नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं उनकी माताओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा अपनी माताओं के सम्मान में गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखकर उपस्थित माताएं भावुक हो उठीं। विद्यालय प्रबंधक संजीव बेरी ने बताया कि बच्चों के जीवन में मां का स्थान सर्वोच्च होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा बेरी उपस्थित रहीं।



मदर टेरेसा स्कूल में माताओं का सम्मान किया गया। अमृत विचार

## मदर्स डे पर मदर टेरेसा में विशेष सभा

**कानपुर।** मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडी स्कूल, किदवई नगर में मदर्स डे पर प्री प्राइमरी की माताओं को आमंत्रित किया गया तथा विशेष सभा (असेंम्बली) आयोजित की गई। कक्षा 1-5 के नौनिहालों ने नृत्य, समूहगान, एकांकी प्रस्तुत कर माताओं के योगदान की सराहना की। पीजी से आठवीं कक्षा के बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित क्राफ्ट माताओं को भेंट किया गया। माताओं ने कई प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम विद्यालय की अन्य शाखाओं-कोयला नगर एवं कृष्णा नगर में भी आयोजित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ वीना साइलस, चेयरमैन यशराज साइलस एवं उपप्रधानाचार्या दीक्षा साइलस आदि मौजूद रहीं।

## मदर्स डे पर वीर माता को श्रद्धांजलि

**कानपुर।** सीएचएस एजुकेशन सेंटर में मदर्स डे पर बरगी डैम, जबलपुर घटना में साहस का परिचय देने वाली वीर माता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बच्चों एवं माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नीता सिंह (संरक्षिका - सीएचएस एजुकेशन फाउंडेशन) उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या गीता यादव ने सभी माताओं को उनके प्रेम, समर्पण एवं योगदान को नमन किया।



सीएचएस एजुकेशन सेंटर में माताओं ने गेम खेले। अमृत विचार

## सेंट्रल, गोविंदपुरी व फफूंद स्टेशन पर मिलेगा ठंडा पानी

**कानपुर।** रेलवे ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन, गोविंदपुरी, फफूंद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पानी की सुविधा मुहैया कराने के लिए स्वयंसेवी संगठनों का साथ लिया है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर प्रतिदिन 300 से अधिक सवारी गाड़ियों का आवागमन है। इनमें कई गाड़ियां ऐसी हैं, जो 3000 किमी तक का सफर तय करती हैं।

खेल जगत

इंटर स्कूल टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया

# डीपीएस ने एलेनहाउस को 100 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर स्पोर्ट्स एंड कल्चर इवेंट्स की ओर से क्रिकवर्षा सीजन-1 इंटर-स्कूल क्रिकेट टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। इसमें डीपीएस कल्याणपुर ने एलेनहाउस पब्लिक स्कूल पनकी को 100 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में डीपीएस कल्याणपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 140 रन बनाए। जवाब में एलेनहाउस पब्लिक स्कूल पनकी टीम 8.2 ओवर में 40 रन पर ऑलआउट हो गई। आदित्य अवस्थी (डीपीएस कल्याणपुर) को फाइनल का मैन ऑफ द मैच चुना गया। अरनब कुलकर्णी को बेस्ट बैट्समैन, अमन चौधरी को मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और आदित्य अवस्थी को बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला। वहीं बेस्ट फेयर प्ले टीम का अवॉर्ड पंडित दीनदयाल विद्यालय को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि वीएसएसडी कॉलेज की प्राचार्य नीरू टंडन और पंडित दीनदयाल सनातन धर्म विद्यालय के अकादमिक हेड मंजीत सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए। टूर्नामेंट संयोजक डॉ. विकास विक्टर, अभिषेक बाजपेई, सौरभ पांडेय, अजय मिश्रा, केतन सोनकर, प्रदीप, धर्मेंद्र पाल थे।



ट्राफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

### डॉ. बद्री नारायण तिवारी मेमोरियल रैपिड चेस

- **कानपुर।** खलासी लाइन स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में रविवार को ब्रिलियंट माइंड चेस नेक्सस द्वारा देहदानी स्मृतिशेष डॉ. बद्री नारायण तिवारी मेमोरियल रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। अंडर-7 से अंडर-19 आयु वर्ग तक बालक और बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं स्विस सिस्टम पद्धति से संपन्न हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ दिवंगत डॉ. बद्री नारायण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। आयोजन सचिव प्रशांत पाण्डेय अभय त्रिपाठी, अर्चना त्रिपाठी और दिलीप कुमार श्रीवास्तव मुख्य निर्णायक विकास निषाद मौजूद रहे। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### 185 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

- **कानपुर।** जेएनटी संस्था की ओर से 14वीं जेएनटी अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में बेहतर खिलाड़ियों की खोज के लिए आयोजित ट्रायल में रविवार को 185 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखायी। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को बारिकी से देखा। प्रतियोगिता के लिए तीन दिवसीय ट्रायल में कुल 512 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। केसीए के वरिष्ठ चयनकर्ता शशांक तिवारी, मो. फैजान और इंद्रपाल सिंह ने खिलाड़ियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी व क्षेत्ररक्षण की प्रतिभा का परीक्षण किया। संस्था के सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों की सूची 12 मई को संस्था की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 14 से 16 मई तक किदवईनगर स्थित कानपुर साउथ मैदान पर प्रतिदिन सुबह साढ़े छह बजे से आयोजित किया जाएगा।


पदकों के साथ विजेता बच्चे। अमृत विचार

### कानपुर के खिलाड़ियों ने 24 पदक जीते

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से रविवार को आगरा में रोलर स्केटिंग मैराथन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 700 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, इसमें कानपुर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 24 पदक अपने नाम किए। मैराथन में खिलाड़ियों ने 5 किलोमीटर, 11 किलोमीटर और 15 किलोमीटर की विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में क्वॉड स्केटिंग और इनलाइन स्केटिंग की कैटेगरी शामिल रहीं। इसमें कानपुर से आर्यन, केतन, रुद्रांशा, वत्स, आयुष, रुद्रांश, अमायरा, शन्वी, तापसी, भार्गवी, आराध्या, वेदांस, माधव, इवांश, धनविन, आध्या, आख्या, कियान, गीयांश, अस्तित्व यादव, अलौकिक श्रीवास्तव, आईरा मनहोत्रा, आनाया सिंह और अश्विन सिंह ने पदक जीते। कानपुर शहर के रोलर स्केटिंग कोऑर्डिनेटर कुलदीप कुमार, मनदीप कुमार, अर्जुन सिंह, आदित्य यादव और राहुल भदौरिया ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### पैरा राइफल शूटर गिरधारी अग्रवाल ने दो स्वर्ण जीते

**कानपुर।** भोपाल में 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में शहर के पैरा राइफल शूटर गिरधारी अग्रवाल ने दो स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने इंडियन टीम ट्रायल के लिए स्थान पक्का कर लिया है। पिछले चार वर्षों में वह 19 पदक जीत चुके हैं। समारोह में ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया।



शूटर गिरधारी अग्रवाल।

सिटी डायरी



विजेता बच्चों के साथ स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### यू.पी. किराना बालिका विद्यालय विजेता

**कानपुर।** हरमिलाप मिशन स्कूल में आयोजित दो दिवसीय कानपुर सहोदया स्कूल इंटर स्कूल बालिका शतरंज प्रतियोगिता (जोन-बी) का शनिवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने भाग लिया। फाइनल में यू.पी. किराना सेवा समिति बालिका विद्यालय 18 अंकों के साथ विजेता रहा। श्री राम पब्लिक स्कूल और डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर संयुक्त रूप से क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। बोर्ड परफॉर्मर्स में सिमरन झा, रितीमा, अनन्या दुबे, अंशिका शुक्ला और निवृत्ति मेहरोत्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिलीप श्रीवास्तव, कुसुम शर्मा, वेद प्रकाश भाटिया, प्रेम अरोड़ा और राजीव आनन्द मौजूद रहे।


गुरुद्वारा में शबद सुनती संगत। अमृत विचार

### गुरुद्वारा में झालमुड़ी का प्रसाद बांटा गया

**कानपुर।** गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी में श्री गुरु हरगोविन्द साहिब जी का गुरता गद्दी दिवस विशेष संगत जोड़ मेला गुरमत समागम के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्त्री सत्संग बहनों ने श्री जपथी साहब व चौपाई साहब के पाठ किये। गुरुद्वारा में झालमुड़ी (भेलपुरी) का प्रसाद बांटा गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में दरबार साहब से आये रागी भाई लखविन्दर सिंह ने शबद गायन करके संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने बताया कि यंग मैन एसोसियेशन, सिख समाज कानपुर, खालसा दल, सिख पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी व गुरुद्वारा बाबा नामदेव स्त्री सत्संग व कानपुर की समस्त स्त्री सत्संग की बहनों द्वारा संगत की सेवा की गयी। सम्मान के रूप में चुन्नी सेवादार बहनों को दी गयी।


जानकारी देते डॉ. राजीव गुप्ता व डॉ. गौरंगा मजूमदार। अमृत विचार

### राजीव हार्ट केयर में कार्डिक सर्जरी ओपीडी

**कानपुर।** सचान चौराहा स्थित राजीव हार्ट केयर में हर माह के दूसरे रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के हार्ट सर्जरी स्पेशलिस्ट डॉ. गौरंगा मजूमदार कार्डिक सर्जरी की ओपीडी करेंगे। यह जानकारी रविवार को डॉ. राजीव गुप्ता ने दी। डॉ. गौरंगा ने ओपीडी में आए हृदय संबंधी समस्याओं से ग्रस्त मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। साथ ही हृदय रोग संबंधित जांच भी की। डॉ. गौरंगा ने हृदय रोगों से बचाव के बार में लोगों को जागरूक किया।


भारत माता प्रतिमा स्थल पर आयोजन हुआ। अमृत विचार

### क्रांति के प्रतीक थे रोटी और कमल

**कानपुर।** वन्देमातरम् संघर्ष समिति की ओर से बिरहाना रोड स्थित भारत माता प्रतिमा स्थल पर 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की 169वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर क्रांति के प्रतीक रोटी और कमल के साथ वन्देमातरम् उद्घोष कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। समिति अध्यक्ष आलोक मेहरोत्रा ने कहा कि 1857 में भारतीयों के पास सूचना पहुंचाने का कोई आधुनिक माध्यम नहीं था, जबकि अंग्रेजों के पास टेलीप्रिंटर जैसी सुविधाएं थीं। उन्होंने बताया कि सूफी संत जस्साबाबा ने नाना राव पेशवा, तात्या टोपे और अजीमुल्ला खान को रोटी और कमल के जरिये जनसंदेश फैलाने का मंत्र दिया था। उस दौर में रोटी और कमल ने आज के वाट्सएप और फेसबुक से भी तेज काम किया। कार्यक्रम में विधायक नीलिमा कटियार, डॉ. श्याम बाबू गुप्त, विनोद शुक्ला, सुरेश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।



शहीद मंगल पांडे को नमन करते लोग। अमृत विचार

### मंगल पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद जन कल्याण समिति ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की 170वीं वर्षगांठ पर नाना राव पार्क में प्रथम क्रांति नायक शहीद मंगल पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार पांडे निन्नी ने कहा कि 29 मार्च 1857 को मंगल पांडे ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंककर आजादी के लिए संघर्ष और क्रांति की प्रेरणा जगाई थी। महामंत्री संदीप साहू बीडी जायसवाल, विकास मल्होत्रा, संतोष शर्मा एडवोकेट, अनिल त्रिपाठी, दीनानाथ द्विवेदी, अजीत कुमार, हर्ष वर्मा आदि मौजूद रहे।

